


नवभारत
भोपाल, रविवार 2 अगस्त 2026




# मूंग खरीदी फिर शुरू वेयरहाउसों की जांच तेज

- मूंग घोटाले के बाद बदली जिला प्रबंधक की कुर्सी, नए अफसर ने संभाली कमान

**नवभारत न्यूज़**
**नर्मदापुरम. 28.14 करोड़ रुपए की सरकारी मूंग में मिट्टी मिलाने के बहुचर्चित घोटाले के बाद शनिवार को मध्यप्रदेश वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक कॉर्पोरेशन के जिला प्रबंधक कार्यालय में प्रशासनिक बदलाव कर दिया गया.**

फरार जिला प्रबंधक वासुदेव दावंडे के स्थान पर भारत यादव को नया जिला प्रबंधक नियुक्त किया गया, जिन्होंने शनिवार को कार्यभार संभालते ही समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी दोबारा शुरू करा दी. शुक्रवार को कार्यालय बंद रहने के कारण जिन किसानों की खरीदी प्रभावित हुई थी, उन्हें अब पुन: स्लॉट बुक कर अपनी उपज बेचने का अवसर मिलेगा. गौरतलब है कि माखननगर के गुराड़िया स्थित कनकधारा वेयरहाउस में करीब 28.14 करोड़ रुपए की सरकारी मूंग में मिट्टी मिलाने का मामला सामने आने के बाद वेयरहाउस संचालक तारेश पुरोहित, तत्कालीन ब्रांच मैनेजर श्याम होसले और तत्कालीन जिला प्रबंधक वासुदेव दावंडे के खिलाफ माखननगर थाने में एफआईआर दर्ज की गई थी. मामले के बाद से तीनों आरोपी फरार हैं और पुलिस उनकी तलाश कर रही है.

## मूंग भंडारित वेयरहाउस, खरीदी अवधि तक सील रहेंगे

घोटाले के बाद कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने मूंग उपार्जन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने और वास्तविक किसानों के हितों की सुरक्षा के लिए कई सख्त निर्देश जारी किए हैं. आदेश के अनुसार उपार्जन केंद्रों के अलावा जिन वेयरहाउसों में पहले से मूंग का भंडारण किया गया है, उन्हें खरीदी अवधि तक सील रखा जाएगा. किसी भी वेयरहाउस से मूंग की निकासी संबंधित एसडीएम की लिखित अनुमति और अधिकृत अधिकारी की मौजूदगी में ही की जा सकेगी, ताकि पुराने स्टॉक की दोबारा समर्थन मूल्य पर बिक्री न हो सके. कलेक्टर ने सभी एसडीएम को राजस्व, मंडी और सहकारिता विभाग के अधिकारियों का संयुक्त जांच दल गठित कर जिले के सभी मूंग व्यापारियों, मिलर्स और स्टॉकहोल्डर्स के गोदामों में उपलब्ध मूंग का शत-प्रतिशत भौतिक सत्यापन सात दिनों के भीतर कराने के निर्देश दिए हैं. जांच के दौरान स्टॉक का मिलान मंडी की आवक जावक पंजी, गेट पास और क्रय विक्रय बिलों से किया जाएगा. बिना अभिलेख या संदिग्ध स्टॉक मिलने पर संबंधितों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई होगी.

> इधर कलेक्टर के निर्देश पर जिलेभर में वेयरहाउसों का निरीक्षण भी शुरू हो गया है. एसडीएम नर्मदापुरम देवेंद्र प्रताप सिंह ने संयुक्त जांच दल के साथ सांवलखेड़ा स्थित सफल एग्रोटेक वेयरहाउस, डोलरिया के कार्तिकेय एवं पालीवाल वेयरहाउस का निरीक्षण कर भंडारित मूंग का भौतिक सत्यापन कराया.

## चोरी और साइबर ठगी के मामले, पुलिस जांच में जुटी

**नर्मदापुरम.** जिले में चोरी और साइबर ठगी के तीन अलग-अलग मामले सामने आए हैं. एक ओर बदमाशों ने फोरलेन स्थित फौजदार पेट्रोल पंप के पास खड़े तीन डंपरों के डीजल टैंक के ताले तोड़कर करीब 300 लीटर डीजल चोरी कर लिया, वहीं दो अलग-अलग साइबर ठगी की घटनाओं में क्यूआर कोड और क्रेडिट कार्ड के नाम पर लोगों से करीब 1.41 लाख रुपए की धोखाधड़ी कर ली गई. पुलिस ने तीनों मामलों में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. पुलिस के अनुसार आनंद नगर की नंद विहार कॉलोनी निवासी महेश सोनेले के खाते से क्यूआर कोड के माध्यम से 58,996 रुपए ट्रांसफर कर लिए गए. वहीं माखननगर थाना क्षेत्र के ग्राम ताल केसरी निवासी कौशिक को क्रेडिट कार्ड अपडेट करने का झांसा देकर ओटीपी प्राप्त किया गया.

# किसानों को बताए आधुनिक खेती के मंत्र : सीएम

- प्राकृतिक खेती, ड्रोन तकनीक और फसल विविधीकरण अपनाने का किया आह्वान



नवभारत न्यूज
**हरदा, 1 अगस्त . कृषि उपज मंडी परिसर हरदा में शनिवार को बलराम कृषि महोत्सव का आयोजन किया गया. कार्यक्रम को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जबलपुर से वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया. उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों की आय बढ़ाने और खेती को आधुनिक व लाभकारी बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है.**

मुख्यमंत्री ने हरदा जिले को कृषि क्षेत्र में अग्रणी बताते हुए कहा कि यहां सिंचाई सुविधाओं का तेजी से विस्तार किया जा रहा है. उन्होंने किसानों से आधुनिक तकनीक, प्राकृतिक खेती और फसल विविधीकरण अपनाकर कृषि को अधिक लाभदायक बनाने की अपील की. डॉ. मोहन यादव ने कहा कि किसानों को सहकारी ऋण पर वर्ष में एक बार ब्याज भुगतान की सुविधा, प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन, कृषि में ड्रोन तकनीक के उपयोग और सिंचाई के लिए दिन के समय बिजली उपलब्ध कराने की दिशा में सरकार कार्य कर रही है. उन्होंने बताया कि किसानों के खातों में सम्मान निधि की राशि भी जारी की गई है और वर्ष 2026 को 'कृषक कल्याण वर्ष' के रूप में मनाया जा रहा है.

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष गजेन्द्र शाह, किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश वर्मा, कलेक्टर सिद्धार्थ जैन, पुलिस अधीक्षक शशांक, नगर मंडल अध्यक्ष नितेश बादर सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे.

> महोत्सव में कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को उन्नत खेती की तकनीक, संतुलित उर्वरक उपयोग, प्राकृतिक खेती, कीट प्रबंधन और कृषि नवाचारों की जानकारी दी. विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी में शासन की योजनाओं और आधुनिक कृषि उपकरणों के बारे में किसानों को अवगत कराया गया.
> कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानों और मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान भी किया गया. वहीं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने आयोजन को आकर्षक बनाया. बड़ी संख्या में किसानों ने महोत्सव में पहुंचकर खेती से जुड़ी नई तकनीकों और योजनाओं की जानकारी प्राप्त की.

## आंगनवाड़ी व्यवस्थाओं पर साधना स्थापक नाराज, सुधार के दिए निर्देश

**बनखेड़ी, 1 अगस्त. राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त महिला आयोग सदस्य साधना स्थापक ने बनखेड़ी क्षेत्र की ग्राम माल्हनबाड़ा एवं पलिया पिपरिया स्थित आंगनवाड़ियों का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए बच्चों की उपस्थिति, शिक्षा एवं पोषण संबंधी गतिविधियों की जानकारी ली.**



निरीक्षण के दौरान साधना स्थापक ने आंगनवाड़ी केंद्रों के उपस्थिति रजिस्टर का अवलोकन किया और बच्चों से संवाद कर उनकी शैक्षणिक स्थिति को परखा. कुछ बच्चों द्वारा पूछे गए सामान्य प्रश्नों के उत्तर नहीं दे पाने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए आंगनवाड़ी सहायिकाओं को बच्चों के शैक्षणिक स्तर में सुधार लाने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि प्रारंभिक बाल्यावस्था बच्चों के विकास का महत्वपूर्ण समय होता है. इस उम्र में बच्चों को बेहतर शिक्षा, संस्कार और सीखने का वातावरण उपलब्ध कराना जरूरी है. उन्होंने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं से बच्चों पर विशेष ध्यान देने और नियमित शिक्षण गतिविधियां संचालित करने को कहा.

## निभौरा-करपा के ग्रामीणों को मिली बड़ी राहत

- निभौरा-करपा मार्ग पर ओल नदी के पुल का लोकार्पण
- मंत्री राव उदयप्रताप सिंह ने किया शुभारंभ



**बनखेड़ी,1 अगस्त . ग्राम निभौरा से करपा मार्ग के बीच ओल नदी पर निर्मित नवीन पुल का लोकार्पण शनिवार को मध्यप्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री राव उदयप्रताप सिंह के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ.**

पुल के शुरू होने से क्षेत्र के ग्रामीणों को वर्षों पुरानी आवागमन की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है. लोकार्पण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, ग्रामीण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे.

कार्यक्रम में विधायक ठाकुरदास नागवंशी, वरिष्ठ भाजपा नेता नवनीत सिंह नागपाल, नगर परिषद अध्यक्ष हरीश मालानी, पूर्व जिला अध्यक्ष माधवदास अग्रवाल, जनपद पंचायत अध्यक्ष पूनम पटेल, भाजपा मंडल अध्यक्ष पलाश शुक्ला, भागवती रमेश पटेल एवं ग्राम पंचायत सरपंच राजकुमारी पारथ सिंह पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे.

मंत्री राव उदयप्रताप सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, पुल और अन्य आधारभूत सुविधाओं के विस्तार पर विशेष ध्यान दे रही है. बेहतर संपर्क मार्गों से ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, व्यापार और रोजगार के अवसरों को बढ़ावा मिलता है. उन्होंने कहा कि विकास कार्यों का उद्देश्य आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है. विधायक ठाकुरदास नागवंशी ने कहा कि ओल नदी पर पुल निर्माण की मांग क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही थी.

## बैठक में आगामी गतिविधियों की रूपरेखा तय

**हरदा, 1 अगस्त. मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा 'प्रस्फुटन शक्ति संचय कार्यक्रम' के अंतर्गत हरदा एवं खिरकिया जनपद पंचायत सभागार में विकासखंड स्तरीय मासिक बैठक आयोजित की गई.**



बैठक में प्रस्फुटन समितियों, नवांकुर संस्थाओं एवं परामर्शदाताओं के कार्यों की समीक्षा कर आगामी गतिविधियों की रूपरेखा तय की गई. संभाग समन्वयक कौशलेश तिवारी ने समितियों के कार्यों की समीक्षा करते हुए 12 अगस्त को स्वैच्छिक पखवाड़ा समापन, हरियाली यात्रा, 'एक पेड़ माँ के नाम ', तिरंगा यात्रा तथा सीएमसीएलडीपी पाठ्यक्रम के लक्ष्यों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए. बैठक में जिला समन्वयक संदीप गौहर, विकासखंड समन्वयक राकेश वर्मा, विनीता शाह सहित नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधि, प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष एवं परामर्शदाता उपस्थित रहे.

## कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

- द चैम्प्स फन स्कूल के रजत जयंती समारोह का भव्य शुभारंभ
- 25 वर्षों की शैक्षणिक यात्रा का जश्न, जिले के पहले सिंथेटिक



**नर्मदापुरम. द चैम्प्स फन स्कूल ने अपनी 25 वर्षों की गौरवशाली शैक्षणिक यात्रा के अवसर पर शनिवार को सिल्वर जुबली ईयर सेलिब्रेशन का भव्य शुभारंभ किया.**

रामायण हॉल में आयोजित समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, पर्यावरण संरक्षण के संदेश और जिले के पहले सिंथेटिक टर्फ के उद्घाटन ने आयोजन को खास बना दिया. कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन, सरस्वती वंदना और अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ. मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष नीतू यादव, वार्ड-18 पार्षद मीना वर्मा, संज्ञा शिक्षा एवं समाज कल्याण समिति अध्यक्ष पीके चटर्जी, निदेशक प्रणोति चटर्जी, स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल की प्राचार्य मोना चटर्जी, डायरेक्टर जूही चटर्जी सहित अन्य गणमान्य अतिथि मौजूद रहे. विद्यालय प्राचार्य डॉ. आशीष चटर्जी ने कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास विद्यालय की प्राथमिकता है. गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ संस्कार, अनुशासन और नैतिक मूल्यों का विकास भी जरूरी है.

## आज से मां नर्मदा चुनरी महोत्सव शुरु

**नर्मदापुरम.** सावन माह में आयोजित होने वाली ऐतिहासिक श्री जटाशंकर कावड़ यात्रा 3 से 10 अगस्त तक निकाली जाएगी. यात्रा समिति की अध्यक्ष राजो मालवीय ने बताया कि 2 अगस्त शाम 4 बजे सेठानी घाट पर मां नर्मदा चुनरी महोत्सव एवं दीपदान के साथ आयोजन का शुभारंभ होगा. 3 अगस्त सुबह 9 बजे शिवभक्त मां नर्मदा का पवित्र जल लेकर बोल बम के जयघोष के साथ श्री जटाशंकर महादेव मंदिर के लिए रवाना होंगे. 10 अगस्त को जलाभिषेक के साथ यात्रा का समापन होगा.

### एक नजर में

## रफ़ी की पुण्यतिथि पर कलाकारों ने बांधा समां

**नर्मदापुरम, 1 अगस्त .** महान भारतीय पार्श्व गायक मोहम्मद रफ़ी की पुण्यतिथि पर 'ओ माँझी रे' मंच द्वारा शनिवार को एक भावपूर्ण संगीतमय श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों ने रफ़ी साहब के सदाबहार गीत प्रस्तुत कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए. सुरों से सजी इस संध्या ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया. मंच से जुड़े हरीश माँझी ने बताया कि 'ओ माँझी रे' मंच का उद्देश्य गायन का शौक रखने वाले उन प्रतिभाशाली कलाकारों को अवसर प्रदान करना है, जिन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए उचित मंच नहीं मिल पाता. उन्होंने बताया कि मंच द्वारा समय-समय पर महान कलाकारों की स्मृति में ऐसे संगीतमय कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं.





## नपा के अतिक्रमण दल और स्वच्छता दल की कार्रवाई

**नर्मदापुरम.** शनिवार को नगरपालिका के अतिक्रमण दल और स्वच्छता दल द्वारा नर्मदा महाविद्यालय के सामने स्थित अतिक्रमणकारियों पर बड़ी कार्रवाई की गई. कार्रवाई के दौरान स्वयं सीएमओ वैभव देशमुख और विधायक प्रतिनिधि महेंद्र यादव भी मौजूद रहे .इस दौरान भारी मात्रा में फल जब्त किए गए,जब्त फलों को डाक्टर्स की उपस्थिति में जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों को वितरित किए गए. जेसीबी की मदद से करीब 8 ठेले के साथ ही सभी कच्चे पक्के अतिक्रमण को हटाया गया. कार्रवाई के दौरान सीएमओ वैभव देशमुख, विधायक प्रतिनिधि महेंद्र यादव, अनुराग तिवारी, शेख अकबर, कैलाश कनौजिया, शेख सिकंदर, सतीष रघुवंशी, नीतेश गौर आदि थे. स्वच्छ भारत अभियान प्रभारी और स्वच्छता निरीक्षक अनुराग तिवारी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी वैभव देशमुख के मार्गदर्शन में मार्ग अवरूद्ध करने वाले और गंदगी फैलाने वालों पर कार्रवाई की जा रही है.

**जब्त फल मरीजों को वितरित-** स्वच्छता निरीक्षक ने बताया कि भारी मात्रा में जब्त किए गए फलों को डाक्टर्स की सलाह पर जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों को वितरित किए गए. साथ ही फल एवं सब्जी विक्रेताओं को हिदायत दी गई कि मार्ग अवरूद्ध कर अपना व्यवसाय न करें. आवागमन सुचारू रखने के लिए नगर में अतिक्रमण मुहिम और स्वच्छता अभियान लगातार चलता रहेगा.

## 24 घंटों में जिले में 17 .9 मि .मी . औसत वर्षा दर्ज

**हरदा.** जिले में गत चौबीस घंटों में 17 .9 मि .मी . औसत वर्षा दर्ज की गई है. अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चौबीस घंटे में हरदा तहसील में 15 .2 मि .मी., टिमरनी में 19 मि .मी., खिरकिया में 32 .4 मि .मी., सिराली में 22 .1 मि .मी. तथा रहटगांव में 1 मि .मी. वर्षा दर्ज की गई. इस वर्ष अब तक जिले में 511 .3 मि .मी. औसत वर्षा हो चुकी है. इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 523 .2 मि .मी., टिमरनी में 518 .3 मि .मी., खिरकिया में 594 .8 मि .मी., सिराली में 468 .6 तथा रहटगांव में 452 मि .मी. वर्षा दर्ज की गई. अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि गत वर्ष की 1 अगस्त तक 647 .5 मि .मी. औसत वर्षा हो चुकी थी.

## रेलवे कर्मचारियों को फर्स्ट एड ट्रेनिग दी

**पिपरिया.** रेलवे स्टेशन पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा रेल्वे चिकित्सक ने रेल्वे कर्मचारियों को फर्स्ट एड ट्रेनिग दी. रेल्वे स्टेशन पर रेल्वे चिकित्सक डॉ.आरआर कुर्रे ने इलेट्रिक शॉक,सांप का डसना,ट्रेक में कार्य करते समय आने वाली आकस्मिक स्थिति,पानी मे डूबने,करंट के कारण जलने सहित विभिन्न स्थितियों में सीपीआर के संबंध मे जानकारी देते हुए बचाव के उपाय बताये गये व बताया कि झांड फूंक नही कराकर तत्काल चिकित्सक को दिखाया जावे.

## श्रावण की फुहार में भीगा नर्मदापुरम

- रुक-रुककर बारिश से मौसम सुहावना
- अच्छी बारिश की उम्मीद; जलभराव से बढ़ी परेशानी

**नवभारत न्यूज़**
**नर्मदापुरम. श्रावण माह की शुरुआत के साथ ही जिले में मानसून ने एक बार फिर रफ्तार पकड़ ली है. शुक्रवार शाम से नर्मदापुरम शहर सहित पूरे जिले में रुक-रुककर बारिश का दौर जारी रहा.**



शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात नर्मदापुरम में 23 मिमी बारिश दर्ज की गई, जिसके बाद जिले में अब तक कुल वर्षा का आंकड़ा 492 मिमी तक पहुंच गया है. शनिवार सुबह मौसम में बदलाव देखने को मिला. कभी घने बादल छाए रहे तो कभी धूप खिली, लेकिन शाम होते-होते आसमान पूरी तरह बादलों से घिर गया और बारिश शुरू हो गई. वहीं हिल स्टेशन पचमढ़ी में भी लगातार बारिश का दौर जारी है, जिससे पहाड़ों और वादियों की खूबसूरती निखर उठी है. प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेने बड़ी संख्या में पर्यटक पचमढ़ी पहुंच रहे हैं. मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार नर्मदापुरम में अगस्त माह मानसून की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है. इस महीने औसतन 16 दिन बारिश होती है और यह काफी हद तक बंगाल की खाड़ी में बनने वाले सिस्टम पर निर्भर रहती है.

## 1 .32 लाख की अवैध शराब और स्कूटी जब्त

**नवभारत न्यूज़**
**नर्मदापुरम. अवैध शराब की बिक्री एवं परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 98 क्वार्टर अवैध शराब और एक स्कूटी जब्त की है.**



पुलिस ने आरोपी आशीष देव पिता मोतीराम देव को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 50 क्वार्टर देसी प्लेन मदिरा, 48 क्वार्टर ऑफिसर चॉइस शराब तथा स्कूटी जब्त की. जब्त शराब एवं वाहन की कुल कीमत करीब 1.32 लाख रुपये बताई गई है. आरोपी के खिलाफ धारा 34 (1) आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया.पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि वह प्रशांत उर्फ टमंटू तिवारी के लिए अवैध शराब का परिवहन और विक्रय करता था. इसके आधार पर पुलिस ने प्रशांत उर्फ टमंटू तिवारी को भी धारा 42 आबकारी अधिनियम के तहत आरोपी बनाकर मामले की जांच शुरू कर दी है.

## सात दिवसीय प्रशिक्षण के तहत सिविल डिफेंस वालेंटियर्स को दिया प्रशिक्षण

**हरदा , 1 अगस्त . मुख्यालय द्वारा दिए गए निर्देशानुसार जिले मे 31 जुलाई से 06 अगस्त तक आयोजित सात दिवसीय सिविल डिफेंस वालेंटियर्स प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस शनिवार को सिविल डिफेंस वालेंटियर्स को प्रशिक्षण निर्धारित सिलेबस अनुसार प्रशिक्षण दिया गया.**



इस दौरान प्लाटून कमाण्डर रक्षा राजपूत ने आधुनिक युद्ध, मनोवैज्ञानिक युद्ध, अफवाहें, दहशत, भीड़ आदि की स्थिति में सीडीवी की भूमिका के संबंध में प्रशिक्षण दिया. प्रशिक्षण में प्लाटून कमाण्डर रक्षा राजपूत ने हवाई हमला, सायरन, ड्रोन हमले और सुरक्षा आदि के संबध में विस्तृत जानकारी प्रदान की. प्रशिक्षण में हवलदार दीपक ठाकुर ने सैद्धान्तिक और व्यवहारिक गांठों के प्रकार व रस्सी की उपयोगिता एवं एसडीईआरएफ टीम तथा नेहरू युवा केन्द्र हरदा एवं होमगार्ड विभाग की संयुक्त टीम ने 150 सिविलडिफेंस वोलेंटियर को नशामुक्त अभियान 2.0 के अंतर्गत प्रतिज्ञा दिलाई गई.

**बैठक** ▶ भाजपा की मासिक बैठक में संगठनात्मक कार्यक्रमों की समीक्षा

## हर घर तिरंगा को लेकर कार्यकर्ताओं को दिए निर्देश

नवभारत न्यूज़
**नर्मदापुरम. भारतीय जनता पार्टी नर्मदापुरम जिला एवं नगर मंडल की मासिक बैठक शनिवार को आयोजित की गई. बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला मुख्य रूप से उपस्थित रहीं. इस दौरान आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा करते हुए पार्टी की गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई.**



बैठक में संत शिरोमणि श्री रविदास महाराज की 650वीं जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों, समरसता संकल्प अभियान, हर घर तिरंगा अभियान, शक्ति केंद्र बैठकों और मन की बात कार्यक्रम की तैयारियों पर विचार-विमर्श किया गया. जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला ने पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे संगठन के कार्यक्रमों को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाएं और पूरी सक्रियता एवं समर्पण के साथ आगामी अभियानों को सफल बनाएं.

> भाजपा जिला कार्यालय में नवनियुक्त महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष योगमाया शर्मा के नेतृत्व में महिला मोर्चा की प्रथम जिला बैठक आयोजित की गई. बैठक में जिलेभर की महिला कार्यकर्ताओं ने भाग लिया.
> योगमाया शर्मा ने महिलाओं से संगठन की विचारधारा एवं सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने तथा अधिक से अधिक महिलाओं को संगठन से जोड़ने का आह्वान किया. बैठक में संगठन विस्तार और महिला सशक्तिकरण पर विशेष जोर दिया गया.